# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक :– सम्बद्धता/6216
दिनांक :–26-6-2020

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/प्रबन्धक,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

**विषयः–** उच्च शिक्षा के क्षेत्र मे बी0एड0 पाठयक्रम के अतिरिक्त नये महाविद्यालय/संस्थानों के खोले जाने तथा वर्तमान महाविद्यालयों/संस्थानों में स्नातक/स्नातकोत्तर स्तर के अतिरिक्त विषयों/पाठयक्रम विषयों/पाठयक्रम को प्रारम्भ करने हेतु (आगामी शिक्षा क्षेत्र के लिये) सम्बद्धता प्रस्तावों के निस्तारण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या 428/सत्तर–2/2017–16 (165)/2012 टी0सी0 दिनांक 22.06.2020 का सन्दर्भ ग्रहण करे। जिसके द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बी0एड0 पाठयक्रम के अतिरिक्त नये महाविद्यालयों/संस्थानों के खोले जाने तथा वर्तमान महाविद्यालयों/संस्थानों में स्नातक/स्नातकोत्तर स्तर के अतिरिक्त विषयों/पाठयक्रम को प्रारम्भ करने हेतु आगामी शिक्षा क्षेत्र के लिये सम्बद्धता प्रस्तावों के निस्तारण हेतु कोविड – 19 महामारी के दृष्टिगत संशोधित समय सारणी निर्धारित की है। जो कि निम्न प्रकार हैः–

| | | |
|---|---|---|
| 01. निरीक्षण मण्डल गठन | – | 30 जून, 2020 |
| 02. निरीक्षण मण्डल द्वारा निरीक्षण आख्या प्रस्तुत किया जाना | – | 05 जूलाई, 2020 |
| 03. विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्धता प्रदान किये जाने की अन्तिम तिथि | – | 15 जूलाई, 2020 |
| 04. शासन में अपील करने की तिथि | – | 31, जूलाई, 2020 |
| 05 शासन स्तर पर अपील करने की अन्तिम तिथि | – | 20 अगस्त, 2020 |

उक्त के सम्बन्ध में निर्देशित किया जाता है कि जिन संस्थानों/महाविद्यालयों में संचालित पाठयक्रमों की अस्थायी सम्बद्धता दिनांक 30.06.2020 को समाप्त होने जा रही है तथा दिनांक 01.07.2020 से उपरोक्त सम्बद्धता का विस्तारण किया जाना है, वह संस्थान शीघ्र ही उपरोक्त शासन द्वारा निर्धारित समय – सारणी के अनुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

इसके अतिरिक्त यह भी निर्देशित किया जाता है कि निरीक्षण कराये जाने से पूर्व संस्थान निर्धारित चैक लिस्ट के अनुसार पत्रावली तैयार कर पत्रावली की प्रति विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराएगा। जिससे विश्वविद्यालय द्वारा उपरोक्त पत्रावली का अध्ययन निरीक्षण से पूर्व किया जा सके।

भवदीय,

25/06/2020

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–

01. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
02. सचिव प्रति कुलपति को प्रति कुलपति महोदया के सूचनार्थ।
03. प्रेस प्रवक्ता/प्रभारी वेबसाइट, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

d:Affiy/CKL(426)

सहायक कुलसचिव (सम्बद्धता)